अध्याय 6

दोषबलि (जारी है) और बलिदान से संबंधित अतिरिक्त निर्देश

अगले भाग (होमबलि, अन्नबलि, पापबलि, दोषबलि, और मेलबलि) में विभिन्न प्रकार के बलिदानों में याजक की भूमिका का विश्लेषण प्रारंभ करने से पूर्व, यहोवा ने अध्याय पाँच में प्रारंभ दोषबलि का विश्लेषण समाप्त किया।

दूसरे की संपत्ति से जुड़े पाप के संबंध में दोषबलि (6:1-7)

[1]फिर यहोवा ने मूसा से कहा, [2]"यदि कोई यहोवा का विश्वासघात करके पापी ठहरे, जैसा कि धरोहर, या लेनदेन, या लूट के विषय में अपने भाई से छल करे, या उस पर अन्धेर करे, [3]या पड़ी हुई वस्तु को पाकर उसके विषय झूठ बोले और झूठी शपथ भी खाए; ऐसी कोई भी बात क्यों न हो जिसे करके मनुष्य पापी ठहरते हैं, [4]तो जब वह ऐसा काम करके दोषी हो जाए, तब जो भी वस्तु उसने लूट, या अन्धेर करके, या धरोहर, या पड़ी पाई हो; [5]चाहे कोई भी वस्तु क्यों न हो जिसके विषय में उसने झूठी शपथ खाई हो; तो वह उसको पूरा पूरा लौटा दे, और पाँचवाँ भाग भी बढ़ाकर भर दे, जिस दिन यह मालूम हो कि वह दोषी है उसी दिन वह उस वस्तु को उसके स्वामी को लौटा दे। [6]और वह यहोवा के सम्मुख अपना दोषबलि भी ले आए, अर्थात् एक निर्दोष मेढ़ा दोषबलि के लिये याजक के पास ले आए, वह उतने ही दाम का हो जितना याजक ठहराए। [7]इस प्रकार याजक उसके लिये यहोवा के सामने प्रायश्चित्त करे, और जिस काम को करके वह दोषी हो गया है उसकी क्षमा उसे मिलेगी।"

आयत 1. जबकि अध्याय 6 दोषबलि के बारे में निर्देश जारी रखता है, तो उसी समय यह अध्याय एक नया विषय या इस नये विषय पर एक नई अवधारणा का परिचय, **फिर यहोवा ने मूसा से कहा ... ,** वक्तव्य से करता है।[1] इन आयतों में जो विवरण प्रारंभ हुआ है, वह एक सा भी है और यहोवा के पिछले विषयों पर निर्देश से भिन्न भी है।

यह अनुच्छेद दोषबलि से संबंधित विषय जो 5:15-19 में पाया जाता है से मिलता जुलता है और यह उस पाप को भी सम्मिलित करता है जिसके लिए

क्षतिपूर्ति करना ज़रूरी था। यह अवैधानिक तरीके से दूसरे की सम्पत्ति छीनने संबंधित मामले को संबोधित करता है। इस प्रकार इस मामले में यह पिछले विषयों से भिन्न है। इससे बढ़कर, यह अनुच्छेद इस विषय पर इस प्रकार भिन्न है कि पिछली अनुच्छेद के समान इसमें "अनजाना" शब्द नहीं पाया जाता है। कैसे 6:2-5 में वर्णित पाप - धोखा, छल, लूट, और अन्धेर - संभवतः जिसके बारे में यह कहा जाए कि वे "अनजाने में" किए गए हैं, और जिसके लिए "पापबलि" और "दोषबलि" की आवश्यकता है, उसके लिए दूसरे पाप जैसे विशेषण का प्रयोग कैसे किया जा सकता है? इसका उत्तर देने के लिए, किसी को भी इस अनुच्छेद की परिस्थिति की ओर ध्यान देना होगा जो दोषबलि के बारे में बताता है।

आयतें 2-7. इन पापों का सामान्य गुण क्या है? दूसरी आयत पाठकों को यह बताते हुए आरंभ होता है कि दूसरों के प्रति पाप, यहोवा के प्रति पाप है। पड़ोसी के प्रति अपराध और यहोवा की "पवित्र की हुई वस्तुओं" के प्रति पाप दोनों के लिए मिलता-जुलता शब्द प्रयोग किया गया है। जबकि 5:15 में लिखा है "यदि कोई यहोवा की पवित्र की हुई वस्तुओं के विषय में भूल से विश्वासघात करे ... ," 6:2 कहता है, **"यदि कोई यहोवा का विश्वासघात करके पापी ठहरे ... ।"** इसके साथ ही, यहोवा का निर्देश उस व्यक्ति को संबंधित करता है जिसकी वस्तु चोरी की गई हो। पीड़ित का विश्लेषण चोर का **साथी** (NASB), उसका "पड़ोसी" (NRSV), या उसका "हमवतन" (REB) किया गया है, जिसका यह तात्पर्य है कि वह चोर के निकट रहता है। वे एक परिवार के भाई जैसे हैं; और एक ही परिवार से किसी की वस्तु चोरी करना अनुचित (एवं गलत!) प्रतीत होता है।

किस प्रकार के पाप क्षमा किए जाने चाहिए? दो से लेकर पाँच आयत में यह बताया गया है कि दूसरे की सम्पत्ति को कोई कैसे अवैधानिक व गलत तरीके से ले सकता है। (1) यह वह व्यक्ति हो सकता है जो किसी की सम्पत्ति को **धरोहर** के रूप में रखे और उस व्यक्ति को वह वस्तु न लौटाए जिसने उस पर भरोसा करके उसे दिया था। (2) वह कोई भी व्यक्ति हो सकता है जिसने छल करके वस्तु **छीन** ली हो। (3) वह कोई भी व्यक्ति हो सकता है जिसने **अन्धेर** करके धन लूटा हो। (4) वह कोई भी व्यक्ति हो सकता है जिसने दूसरे की खोई हुई[2] सम्पत्ति या पड़ी हुई वस्तु पाई हो और रख ली हो। जब उसे इसके बारे में पूछा तो उसने झूठ बोला और इसके बारे में कुछ भी जानने से इनकार किया, और यह शपथ भी खाई कि उसके पास वह नहीं है। इस तरह वह **झूठा शपथ** खाता है।

संभवतः, चार अलग-अलग प्रकार के गलत कार्यों में से प्रत्येक को एक विशिष्ट पाप पर अधिक ज़ोर देना था: धोखा देना, झूठ बोलना, चोरी करना, या झूठी शपथ खाना। सूची इस प्रकार प्रारंभ होता है, "यदि कोई ... अपने भाई से छल करे, या उस पर अन्धेर करे" (6:2)। इन शब्दों के साथ सूची जारी रहती है **"या पड़ी हुई वस्तु को पाकर उसके विषय झूठ बोले और झूठी शपथ भी खाए"** (6:3), और यह यह कहते हुए समाप्त होता है "जिसके विषय में उसने झूठी शपथ खाई हो" (6:5)। इसलिए, इसका सम्भावित निष्कर्ष यह निकाला जा सकता है चूँकि शपथ यहोवा के नाम में खाईं जाती थी, इसलिए ये सभी पाप यहोवा की "पवित्र

वस्तुओं" के भी खिलाफ थे। विशेषकर, यह अपराध उसके पवित्र नाम के विरुद्ध था, जिसके लिए लोगों को "व्यर्थ" में न लेने के लिए कहा गया था (निर्गमन 20:7)। उदाहरण के लिए, जॉन एच. हेयज ने तर्क किया कि, "6:1-7 के मामले में यहोवा के नाम में शपथ खाकर अपनी निर्दोषता प्रकट करते हुए धोखे से वस्तुओं को अपने नियंत्रण में करना सम्मिलित है।"[3] फिर भी, कोई भी इस तथ्य को हल्के में न आंकने का प्रयास करे कि इनमें से हरेक परिस्थिति में संलग्न पाप, यद्यपि परमेश्वर के विरुद्ध किए गए हैं, लेकिन सबसे पहले वे मनुष्य के विरुद्ध पाप किए गए हैं।[4]

दूसरे की सम्पत्ति का विश्लेषण यह तथ्य स्पष्ट करता है कि यहोवा अपने लोगों के बीच पूरी खराई चाहता है। यह आज्ञा कि "तू चोरी न करना" (निर्गमन 20:15) न केवल डाका डालने से मना करती है बल्कि यह एक इस्राएलियों को *किसी भी* रूप में दूसरे की सम्पत्ति लेने के लिए गैरकानूनी ठहराती है। वास्तव में कुछ चुराना, दूसरे से धन ऐंठना, जब दूसरे अपनी सम्पत्ति किसी की देख रेख में छोड़े और उसे अपना समझकर रखना, या जो उसे मिला उसे अपने पास रख लेना, बिना अनुमति के दूसरे की सम्पत्ति पर कब्ज़ा करना, पाप था।

ऐसे पाप कैसे क्षमा किए जा सकते थे? जब कोई गैरकानूनी तरीके से दूसरे की सम्पत्ति रखकर और उसके बारे में झूठ बोलकर पाप करता था, तो उसे इस पाप से क्षमा प्राप्त करने के लिए क्या करना चाहिए था? इसके लिए 6:4-7 के अनुसार दो कार्य अनिवार्य था। (1) जो उसने गलत किया था उसके लिए उसको "क्षतिपूर्ति करना" चाहिए था। क्षतिपूर्ति के अंतर्गत, जो कुछ उसने गलत तरीके से लिया, उसको उसे चुकाना था और साथ ही इसका **पाँचवाँ भाग** भी बढ़ाकर लौटाना था (6:4, 5)। (2) **दोषबलि** के रूप में उसको **एक निर्दोष मेढ़ा** भी लाना था (6:6)।[5] इस आशा के साथ कि उसका पाप क्षमा किया जाएगा, **यहोवा के सम्मुख प्रायश्चित्त करने के लिए, याजक** मेढ़ा का बलि करते थे (6:7)। यदि कोई दोषबलि से संबंधित परमेश्वर के निर्देशों का ठीक-ठीक पालन करता है तो यहाँ तक कि चोरी जैसे खुला पाप जिसमें दूसरे की सम्पत्ति हड़पाने का आरोप होता है, भी क्षमा हो सकता है।

क्या ऐसे पाप सचमुच "अनजाने" में किए जाते थे? प्रश्न जो बना हुआ है वह यह है: चोरी, अंधेर, और शपथ खाकर झूठ बोलना जैसे पापों को "अनजाने" में किया गया पाप कहा जा सकता है? संभवतः इस प्रश्न का सबसे उत्तम उत्तर चौथी आयत को दोबारा पढ़ने के द्वारा ढूँढा जा सकता है। NASB अनुवाद, **तब ऐसा होगा, जब वह पाप करता है और दोषी ठहरता है ...** । NIV अनुवाद इस प्रकार है, "जब वे इस प्रकार पाप करते हैं और उन्हें अपने दोष के बारे में ज्ञात होता है, तो जो उन्होंने चोरी की है उनको लौटाना होगा ..." (देखें NRSV; REB; ESV; NJPSV)।[6]

यदि NIV अनुवाद ठीक है तो यह इस बात का सुझाव देता है कि यद्यपि एक व्यक्ति जानबूझकर पाप करता है तो जब वह पाप कर रहा था तो उस समय उसने उसे पाप नहीं समझा। हो सकता है कि उसने अपने आपको परीक्षा में डाला हो और बिना सोचे समझे और इसके नैतिक परिणाम का चिंता किए उसने वह वस्तु

ले ली हो जो उसकी नहीं थी। तत्पश्चात उसका विवेक उसको दोषी ठहराने लग गया हो या फिर उसके गलत कार्य का प्रभाव प्रकट हो गया हो। किसी भी स्थिति में, यद्यपि जिस क्षण उसने पाप किया था तभी से उसको दोषी ठहराया गया होगा, लेकिन उसको अपने दोष का अहसास बाद में हुआ होगा। उस समय, क्षमादान प्राप्त करने के लिए, उसको यहोवा को दोषबलि भेंट करना था।

इन आयतों में उल्लेखित पाप का ऐसा विश्लेषण "जानबूझकर" किए गए पाप के बजाय "अनजाने" में किए गए पाप के लिए उचित ठहरता है। वे अज्ञानता या दुर्बलता में किए गए पाप थे, इसलिए, पाप क्षमा के लिए उचित विधि का पालन करना अनिवार्य था।

यह व्याख्या इस बात का विश्लेषण करने में हमारी सहायता करता है कि क्यों इन पापों के मामले में, केवल बीस फीसदी का ही दण्ड चुकाया जाना चाहिए। निर्गमन 22 में, ऐसे ही पापों के मामले में, जिस व्यक्ति ने गैर कानूनी तरीके से दूसरे की सम्पत्ति हड़प ली हो तो जिसकी सम्पत्ति उसने चुराई हो, उसको चोरी की वस्तु का दुगुना दाम भरना होगा (निर्गमन 22:4, 7, 9)। ऐसी परिस्थिति में, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि विधिसम्मत मुकद्दमा के समान, दोषी दल को भारी रकम चुकानी होगी। लैव्यव्यवस्था 6:1-7 में वर्णित हरेक मामले में, जिस व्यक्ति ने पाप किया है और बाद में उसको उसके दोष का ज्ञान हुआ हो (NIV) तो उसको ऐसा दर्शाया गया है कि जो कुछ उसने लिया है उसकी क्षतिपूर्ति करके अपना संबंध ठीक करे - उसमें में वह दण्ड भी जोड़े, और उसके साथ ही वह दोषबलि करे - यह बिना मुकद्दमा के और बिना दबाव के किया जाए। अपराधी न केवल लोगों के सम्मुख जिस व्यक्ति के विरुद्ध उसने अपराध किया है, अपना संबंध सुधार रहा था बल्कि वह परमेश्वर के साथ भी अपना संबंध भी ठीक कर रहा था। अतः वह क्षमा किया जाएगा। उसका पश्चातापी दृष्टिकोण - और इसके साथ ही कि दूसरों को उसके पाप के बारे में पता चले (और/या न्यायालय में उसका मुकद्दमा चले) यदि वह क्षमा याचना करे तो सब कुछ बदल जाता है। तब उसको "दोगुना भुगतान" के बजाय केवल बीस प्रतिशत दण्ड भुगतान कर छोड़ दिया जाता है।

इन पापों के बीच क्या अंतर है जिसके लिए दोषबलि आवश्यक था? अध्याय 5 यह बताता है कि परमेश्वर के "पवित्र वस्तुओं" के विरुद्ध पाप करने पर दोषबलि भेंट करना अनिवार्य था और अध्याय 6 यह प्रकट करता है कि मनुष्य और उसकी सम्पत्ति के विरुद्ध पाप करने पर दोषबलि भेंट करना अनिवार्य था।

होमबलियाँ: याजकों का दायित्व (6:8-13)

[8]फिर यहोवा ने मूसा से कहा, [9]"हारून और उसके पुत्रों को आज्ञा देकर यह कह कि होमबलि की व्यवस्था यह है : होमबलि ईंधन के ऊपर रात भर भोर तक वेदी पर पड़ा रहे, और वेदी की अग्नि वेदी पर जलती रहे। [10]और याजक अपने सनी के वस्त्र और अपने तन पर अपनी सनी की जाँघिया पहिनकर होमबलि की राख, जो आग के भस्म करने से वेदी पर रह जाए, उसे उठाकर वेदी के पास रखे।

[11]तब वह अपने ये वस्त्र उतारकर दूसरे वस्त्र पहिनकर राख को छावनी से बाहर किसी शुद्ध स्थान पर ले जाए। [12]वेदी पर अग्नि जलती रहे, और कभी बुझने न पाए; और याजक प्रतिदिन भोर को उस पर लकड़ियाँ जलाकर होमबलि के टुकड़ों को उसके ऊपर सजाकर धर दे, और उसके ऊपर मेलबलियों की चरबी को जलाया करे। [13]वेदी पर आग लगातार जलती रहे; वह कभी बुझने न पाए।"

दोषबलियों का विवरण पूर्ण करने के पश्चात, लैव्यव्यवस्था 6 एक बार फिर से पाँच मुख्य प्रकार के बलिदानों के विवरण की पुनःआवृत्ति आरंभ करता प्रतीत होता है। जैसे कि पहले पाँच अध्याय (6:1-7 सहित) में होमबलि, अन्नबलि, मेलबलि, पापबलि, और दोषबलि की चर्चा है, वैसे ही अध्याय 6 (आयत 8 से आरंभ करके) और 7 में होम, अन्न, पाप, दोष, और मेल बलियों के विषय कुछ और कहने को है। दोनों खण्डों के मध्य अन्तर यह है कि 1:1-6:7 में यहोवा द्वारा बलिदान लाने वाले आम इस्राएली पर लागू होने वाले निर्देश हैं, जबकि 6:8-7:36 में याजकों के दायित्व और विशेषाधिकारों का वर्णन है।

आयतें 8-11. इस परिच्छेद का आरंभ एक सूत्र **फिर यहोवा ने मूसा से कहा ...** ।[7] के साथ होता है। जैसा हम देख चुके हैं, इससे संकेत मिलता है कि इसके उपरान्त आने वाले शब्द एक नए विषय से संबंधित हैं।[8] यहोवा ने मूसा से यह कहकर इस प्रकाशन का आरंभ किया, "**हारून और उसके पुत्रों को आज्ञा देकर यह कह कि ...** ।" जब परमेश्वर ने पहली बार लैव्यव्यवस्था 1:2 में होमबलियों के विषय का परिचय दिया था, तो उसने कहा था "इस्राएलियों से कह ... ।" इसलिए इस परिच्छेद और लैव्यव्यवस्था के प्रथम अध्याय में जो अंतर है वह यह है कि प्रारंभिक निर्देश मुख्यतः उनके लिए थे जो बलिदान लाते थे, जबकि यहाँ वे याजकों की ओर - जो कि बलिदानों को वेदी पर चढ़ाते थे, निर्देशित थे।

याजकों के लिए 6:9-11के निर्देश **होमबलि** को **वेदी** पर से उठाने से संबंधित थे। बलि को **रात भर वेदी** पर छोड़ना था, जब तक कि वह राख न हो जाए (6:9)। फिर याजक, एक विशेष सनी की जांघिया पहिनकर, **राख**[9] को वेदी पर से उठाए। प्रत्यक्षतः, वेदी की राख इतनी पवित्र मानी गई थी कि सामान्य वस्त्र पहिनकर कोई उसे नहीं उठा सकता था (6:10)। इस राख को उठा लेने के पश्चात, याजक को दूसरे वस्त्र पहिनने थे (संभवतः वे जो वह सामान्यतः पहिनता था), और राख को **छावनी से बाहर किसी शुद्ध स्थान पर** ले जाना था - अर्थात ऐसे स्थान पर जो किसी अशुद्ध मानी जाने वाले वस्तु (जैसे कि किसी मनुष्य की मृतक देह या किसी पशु के शव; 6:11) से अपवित्र नहीं हुआ था।

आयतें 12, 13. इसके अतिरिक्त, यहोवा ने इस बात पर बल दिया कि **वेदी पर अग्नि जलती रहे, और कभी बुझने न पाए** (6:9, 12, 13)। उसे जलता रखने के लिए, याजकों को वेदी पर **लकड़ियाँ प्रति भोर को** सजानी होती थीं (6:12)। यह अनिवार्यता होमबलि की प्राथमिकता को स्थापित करती है। जब तक कि होमबलि के लिए अग्नि जलती न रहे, अन्य बलिदान (और होमबलियाँ) चढ़ाए नहीं जा सकते थे। अंततः, उनमें से अधिकांश बलि का कुछ अंश वेदी पर जलाना

होता था। उदाहरण के लिए, लेख इस विचार की ओर संकेत करता है कि अग्नि को जलते रहना था जिससे कि **मेलबलियाँ** चढ़ाई जा सकें (6:12)। आर. के. हैरिसन ने कहा कि यह तथ्य कि अग्नि को जलते हुए रखना था, "निर्गमन 29:38-42 की नित्य होमबलि, या *तमिद* को दिखाता है, जो प्रति भोर और गोधूली के समय सारे समुदाय के लिए चढ़ाई जाती थी।"[10]

होमबलि के नियम से जो 6:8-13 में पाया जाता है, याजकों को सीख लेना चाहिए था कि होमबलि की राख को कैसे ठिकाने लगाने है। उन्हें यह समझना था कि यह करना उनका दायित्व था और यह उनपर निर्भर था कि वे होमबलि की वेदी पर अग्नि को जलता हुआ रखें।

अन्नबलियाँ: याजक का दायित्व (6:14-23)

अन्नबलियाँ: याजक का भाग (6:14-18)

[14]"अन्नबलि की व्यवस्था इस प्रकार है: हारून के पुत्र उसको वेदी के आगे यहोवा के समीप ले आएँ। [15]और वह अन्नबलि के तेल मिले हुए मैदे में से मुट्ठी भर और उस पर का सब लोबान उठाकर अन्नबलि के स्मरणार्थ इस भाग को यहोवा के सम्मुख सुखदायक सुगन्ध के लिये वेदी पर जलाए। [16]और उसमें से जो शेष रह जाए उसे हारून और उसके पुत्र खाएँ; वह बिना ख़मीर पवित्रस्थान में खाया जाए, अर्थात् वे मिलापवाले तम्बू के आँगन में उसे खाएँ। [17]वह ख़मीर के साथ पकाया न जाए; क्योंकि मैं ने अपने हव्य में से उसको उनका निज भाग होने के लिये उन्हें दिया है; इसलिये जैसा पापबलि और दोषबलि परमपवित्र हैं, वैसा ही वह भी है। [18]हारून के वंश के सब पुरुष उस में से खा सकते हैं, तुम्हारी पीढ़ी-पीढ़ी में यहोवा के हवनों में से यह उनका भाग सदैव बना रहेगा; जो कोई उन हवनों को छूए वह पवित्र ठहरेगा।"

अध्याय 2 के अन्नबलि के विषय दिए गए अपने निर्देशों में यहोवा ने विस्तार किया।

आयतें 14-16. एक बार फिर, परिच्छेद का प्रथम वाक्य विषय की घोषणा करता है - **अन्नबलि की व्यवस्था** - और प्रकट करता है कि इसके बाद आने वाले निर्देश किस को संबोधित कर रहे थे। यह सन्देश **हारून के पुत्र**, याजकों (6:14) के लिए था। सामान्य इस्राएली ने अध्याय 2 में दी गई जानकारी से सीख लिया था कि उसे बलिदानों के विषय क्या करना है। इसलिए ये निर्देश, पहले दिए गए निर्देशों के संपूरक थे।

जब कोई अन्नबलि को लेकर आता तब याजक का दायित्व क्या था? (1) वह उसे होमबलि की **वेदी के आगे यहोवा के समीप ले आएँ**, संभाव्यतः किसी अनुष्ठान का पालन करते हुए (6:14)। (2) वह **तेल** मिले हुए **मैदे में से मुट्ठी भर** और **लोबान** उठाकर वेदी पर रखे, जहाँ वह अन्य होमबलियों के साथ जलाया जाए। इस प्रकार

वह **यहोवा के सम्मुख सुखदायक सुगन्ध** के लिये वेदी पर जलाए (6:15; देखें 2:2)। (3)[11] याजक को अनुमति थी कि वह शेष बची हुई अन्नबलि को खा ले। उसे **वह बिना ख़मीर पवित्रस्थान में** पकाना था - अर्थात मिलापवाले तम्बू के आँगन में। यहोवा ने बल दिया कि याजकों द्वारा खाया जाने वाला भाग "बिना खमीर" के हो (6:16)।

आयतें 17, 18. अन्ततः, अध्यादेश बल देते हैं कि अन्नबलि से संबंधित नियम स्थायी थे। उस समय से लेकर, याजकों को अन्नबलि का अधिकांश भाग खाने के लिए दिया जाना था। यह उनके लिए यहोवा के "हवनों" में से उनका भाग था।[12] इस विशेषाधिकार को इस अंकन से रेखांकित किया गया था कि अन्नबलि **परमपवित्र** है (6:17) और उसे जो भी छूए वे पवित्र हों। यह अनुवाद कि **जो कोई उन हवनों को छूए वह पवित्र ठहरेगा** (6:18), या "पवित्र हो जाएगा" (NRSV), भ्रामक हो सकता है। इसके स्थान पर, लेख का अर्थ यह समझा जाना चाहिए कि "इन्हें जो भी छूए उसे पवित्र दशा में होना चाहिए" (NKJV देखिए)। हाग्गै 2:11-13 के अनुसार, पवित्रता (अपवित्रता के विपरीत) छू लेने से नहीं होती थी। दूसरे शब्दों में, केवल याजकों को ही इस पवित्र बलिदान को छूना था।[13] यही समझ लैव्यव्यवस्था 6:27 में पाए जाने वाले अन्य ऐसे ही निर्देशों पर भी लागू की जा सकती है।

अन्नबलियाँ: याजकों द्वारा चढ़ाई जानी थीं (6:19-23)

[19]फिर यहोवा ने मूसा से कहा, [20]"जिस दिन हारून का अभिषेक हो उस दिन वह अपने पुत्रों के साथ यहोवा को यह चढ़ावा चढ़ाए; अर्थात् एपा का दसवाँ भाग मैदा नित्य अन्नबलि में चढ़ाए, उस में से आधा भोर को और आधा सन्ध्या के समय चढ़ाए। [21]वह तवे पर तेल के साथ पकाया जाए; जब वह तेल से तर हो जाए तब उसे ले आना, इस अन्नबलि के पके हुए टुकड़े यहोवा के सुखदायक सुगन्ध के लिये चढ़ाना। [22]हारून के पुत्रों में से जो भी उस याजकपद पर अभिषिक्त होगा, वह भी उसी प्रकार का चढ़ावा चढ़ाया करे; यह विधि सदा के लिये है, कि यहोवा के सम्मुख वह सम्पूर्ण चढ़ावा जलाया जाये। [23]याजक के सम्पूर्ण अन्नबलि भी सब जलाए जाएँ; वह कभी न खाया जाए।"

अगले परिच्छेद में एक अन्य प्रकार की अन्नबलि का परिचय दिया गया है - वह जिसे महायाजक द्वारा चढ़ाया जाना था।

आयतें 19-23. एक बार फिर से, नए विषय की चर्चा की घोषणा इस कथन के साथ की गई कि इसके बाद आने वाले शब्द **यहोवा** द्वारा **मूसा** को दिए गए (6:19)। जिस बलिदान का यहाँ वर्णन दिया गया है वह एक प्रकार की **अन्नबलि** है, परन्तु उन से जो इससे पहले वर्णन की गईं, इस बात में भिन्न है कि इसे महायाजक, **हारून**, और उसके **वंश** द्वारा चढ़ाया जाना था (6:20)। प्रत्यक्षतः, उसके पुत्र उपस्थित थे और देख रहे थे; परन्तु लेख यह संकेत नहीं करता है कि इस

अन्नबलि को चढाने में उन्होंने भाग लिया।

बलि को **जिस दिन** [महायाजक का] **अभिषेक हो उस दिन यहोवा को** चढ़ाना था, या जिस दिन महायाजक को समर्पित किया जाए। क्लाइड एम. वुड्स और जस्टिन एम. रॉजर्स ने लिखा, "जैसे कि हारून का समर्पण सात दिन तक चला (8:33), अभिव्यक्ति *जिस दिन* को उत्पत्ति 2:4 के समान समझना चाहिए, जहाँ इसका [अर्थ] है 'उस समय।'"[14] सी. एफ. कीएल और एफ. डेलिटश के अनुसार, यह अभिषेक संस्कार के सातों दिन नहीं चढ़ाई जाती थी, वरन आठवें दिन के आरंभ के समय भोर के दैनिक बलिदानों के साथ (निर्गमन 29:38, 39) और अध्याय 9 में वर्णन किए गए चढ़ावे से पहले। प्राचीन स्त्रोतों से संकेत मिलता है कि इसे प्रति भोर और संध्या को चढ़ाया जाता रहा था।[15]

एक नित्य अन्नबलि (शब्दार्थ के अनुसार, "अविरल" अन्नबलि) के रूप में, परमेश्वर का उद्देश्य इस बलि को प्रतिदिन चढ़ाने का था, महायाजक के समर्पण के पश्चात (6:20)। इस तथ्य के कारण कि चढ़ावे का आरंभ याजकीय अभिषेक के साथ जुड़ा हुआ था संभवतः इसका उल्लेख अध्याय 7 के अन्त में "अभिषेक का चढ़ावा" कहकर किया गया।

इसलिए, यह महायाजक का दायित्व बन गया कि वह अपने लिए (और याजकों के लिए) प्रतिदिन अन्नबलि चढ़ाए। चढ़ावा **एपा का दसवाँ भाग** (लगभग दो क्वार्ट्स) **मैदा**, **तेल** के साथ मिलाकर **तवे पर पकाया** जाए। इसका परिणाम रोटी का एक टुकड़ा होना था; जिसका अर्ध-भाग वेदी पर भोर को जलाया जाना था, और शेष अर्ध-भाग संध्या को जलाया जाए (6:20, 21)। **यहोवा के सम्मुख वह सम्पूर्ण चढ़ावा जलाया जाये** (6:22)। अन्य अन्नबलियों के असमान, वह **याजकों** द्वारा कभी न **खाया जाए**; उन्हें उनके लिए चढ़ाए गए चढावों में से न तो खाना था, न उनसे कोई लाभ अर्जित करना था (6:23)।

पापबलियाँ: याजक का दायित्व (6:24-30)

[24]फिर यहोवा ने मूसा से कहा, [25]"हारून और उसके पुत्रों से यह कह कि पापबलि की व्यवस्था यह है: जिस स्थान में होमबलिपशु वध किया जाता है उसी में पापबलिपशु भी यहोवा के सम्मुख बलि किया जाए; वह परमपवित्र है। [26]जो याजक पापबलि चढ़ावे वह उसे खाए; वह पवित्रस्थान में, अर्थात् मिलापवाले तम्बू के आँगन में खाया जाए। [27]जो कुछ उसके मांस से छू जाए, वह पवित्र ठहरेगा; और यदि उसके लहू के छींटे किसी वस्त्र पर पड़ जाएँ, तो उसे किसी पवित्रस्थान में धो देना। [28]और वह मिट्टी का पात्र जिसमें वह पकाया गया हो तोड़ दिया जाए; यदि वह पीतल के पात्र में उबाला गया हो, तो वह मांजा जाए, और जल से धो लिया जाए। [29]याजकों में से सब पुरुष उसे खा सकते हैं; वह परमपवित्र वस्तु है। [30]पर जिस पापबलिपशु के लहू में से कुछ भी लहू मिलापवाले तम्बू के भीतर पवित्रस्थान में प्रायश्चित्त करने को पहुँचाया जाए, उसका मांस कभी न खाया जाए; वह आग में जला दिया जाए।"

पापबलि को संबोधित करते हुए भी, याजकों के अधिकारों और दायित्वों के बारे में यहोवा मूसा को निर्देश देता रहा।

आयतें 24-30. इस विषय का परिचय चिर-परिचित सूत्र **फिर यहोवा ने मूसा से कहा** के साथ हुआ। एक बार फिर से, यहोवा ने विशेष निर्देश दिया कि सन्देश याजकों, **हारून** और **उसके पुत्रों** के लिए था।

पापबलि के लिए परमेश्वर के मूल निर्देश केवल इससे संबंधित है कि होमबलि की वेदी पर क्या चढ़ाना है (देखिए लैव्य. 4)। इस अनुपूरक खण्ड में, उसने इस पर बल दिया कि पापबलि का जो भाग वेदी पर जलाया नहीं जाना था उसका क्या होना था।

मूलभूत सन्देश यह है कि याजकों को पापबलि का वह भाग खाने का अधिकार था जो वेदी पर जलाया नहीं गया। **जो याजक पापबलि चढ़ावे वह उसे खाए**, यह उसका अधिकार था (6:26), और याजकों के परिवार के प्रत्येक पुरुष का भी (6:29)।

इस संबंध में दो सीमाएं याजकों के विशेषाधिकार को सीमित करती थीं। (1) उसे पापबलि के भाग को **पवित्रस्थान** में, अर्थात् मिलापवाले तम्बू के **आँगन** में खाना था (6:26)। (2) उसे किसी भी ऐसी पापबलि के मांस को नहीं खाना था जिसके लहू को मिलापवाले तम्बू के भीतर **पवित्रस्थान में प्रायश्चित्त करने को पहुँचाया जाए** (6:30)। अब तक जिन बलिदानों का लैव्यव्यवस्था में वर्णन किया गया है, उनमें से दो पापबलियों में बलिदान के लहू को याजक द्वारा मिलापवाले तम्बू में ले जाकर परदे के आगे छिड़कना था: "अभिषिक्त याजक" के लिए पापबलि और "सारी मण्डली" के लिए पापबलि (4:1-21)। इन स्थितियों में, यहोवा के विशिष्ट निर्देश थे कि पशु के जो भाग वेदी पर भस्म नहीं हुए, उन्हें याजकों द्वारा खाए जाने के स्थान पर, छावनी से बाहर ले जाकर जलाया जाना था।

यह परिच्छेद पापबलि के पवित्र स्वरूप के बारे में भी जानकारी देता है। यह पुष्टि करता है कि पापबलि परमपवित्र थी (6:25)। प्रत्यक्षतः इसलिए क्योंकि इसे यहोवा के सामने पापी के प्रायश्चित करने के लिए चढ़ाया जाता था, यह यहोवा की पवित्रता के स्वभाव को ले लेती थी।

क्योंकि पापबलि का मांस "परमपवित्र" था, NASB कहती है कि जो कुछ उसके "मांस से छू जाए," वह पवित्र ठहरेगा (6:27)। जैसे कि आयत 18 में था, संभवतः इस आयत का और अधिक सही स्वरूप होगा "जो कोई भी उसके मांस को छूए उसे पवित्रता की दशा में होना था।"[16] इस समझ को NKJV में दिए गए अनुवाद: "जो भी उसके मांस को छूए उसे पवित्र होना चाहिए था" से समर्थन मिलता है।

यहोवा के निर्देश यह भी कहते थे कि, क्योंकि चढ़ावा पवित्र था, इसलिए यदि **उसके लहू के छींटे किसी वस्त्र पर पड़ जाएँ**, तो उसे पवित्रस्थान में धोया जाना था (6:27)। विचार यह है कि पवित्र बलिदान के लहू से कलंकित वस्त्र को सामान्य या भ्रष्ट वस्तुओं के संपर्क में आना गलत होता। इसलिए इससे पहले कि वस्त्र को दोबारा पहना जाए, उस पर से पवित्र लहू को हटाया जाना था।

चढ़ावे की पवित्रता पापबलि को पकाने के लिए, प्रयोग किए जाने वाले पात्र को भी प्रभावित करती थी कि याजक उसे खा सके। यदि वह पात्र मिट्टी का होता, तो मांस को पकाने और खाने के पश्चात उसे तोड़ा जाना था, जिससे वह फिर से प्रयोग न हो सके। यदि पात्र पीतल का होता , तो वह **मांजा जाए, और जल से धो लिया जाए** (6:28)। फिर, सिद्धान्त था कि जो कुछ भी पवित्र है - इस स्थिति में, बलि चढ़ाए हुए पशु का लहू और मांस - उसे किसी सामान्य (भ्रष्ट) या अशुद्ध वस्तु के अप्रत्यक्ष संपर्क में भी नहीं आना था। याजक, क्योंकि वे पवित्र और परमेश्वर को समर्पित थे, इसलिए पवित्र बलिदान को पवित्र स्थान में खा सकते थे; परन्तु ऐसे कदम उठाना आवश्यक था जिससे कि पवित्र बलिदान (अप्रत्यक्ष रीति से भी) किसी भी ऐसी वस्तु के साथ जो पवित्र नहीं है, संपर्क में न आए।

अनुप्रयोग

याजक, प्रचारक, और बलिदान (अध्याय 6)

नए नियम के युग के प्रचारक, मूसा की वाचा के याजकों के समतुल्य नहीं हैं। जिस समय में मूसा की व्यवस्था लागू थी, याजक परमेश्वर और मनुष्यों के मध्य विशेष अभिषिक्त मध्यस्थ थे। इस युग में, मसीह हमारा महायाजक है, और वह स्वर्ग में रहता है जिससे हमारे लिए परमेश्वर के सामने मध्यस्थता करे (1 तिमु. 2:5; इब्रा. 7:25; 1 यूहन्ना 2:1)।

नए नियम की कलीसिया में विशेष रीति से अभिषिक्त "याजक" होने के स्थान पर प्रत्येक मसीही को याजक कहा गया है (1 पतरस 2:5, 9)। यदि आप मसीही हैं, तो आपको आवश्यकता नहीं कि कोई और मनुष्य आपके लिए परमेश्वर से मध्यस्थता करे; आप स्वयं याजक हैं। मसीहियों को पवित्रशास्त्र का वह सिद्धान्त स्मरण रखना है जो सुधार का मूलभूत आधार था: कलीसिया "सभी विश्वासियों का याजकीय समाज" है।

यहूदी याजकों और संभवतः अन्यजाति मूर्तिपूजक पुरोहितों के संदर्भ में पौलुस ने प्रचारकों और याजकों में तुलना की जब उसने लिखा,

> क्या तुम नहीं जानते कि जो मन्दिर में सेवा करते हैं, वे मन्दिर में से खाते हैं; और जो वेदी की सेवा करते हैं; वे वेदी के साथ भागी होते हैं? इसी रीति से प्रभु ने भी ठहराया कि जो लोग सुसमाचार सुनाते हैं, उन की जीविका सुसमाचार से हो (1 कुरि. 9:13, 14)।

पौलुस के अनुसार, प्रचारक याजक के समान है, इस बात में, कि जैसे याजक को वेदी पर बलिदान के लिए लाए गए मांस में से खाने की अनुमति थी, प्रचारकों को भी उनके प्रचार से लाभान्वित होने वालों के द्वारा भरण-पोषण मिलना चाहिए। यह तथ्य प्रचारकों को इसलिए पृथक कर देने को न्यायसंगत नहीं ठहराता है कि वे कोई ऐसे "पवित्र याजकीय जन" हैं या "पुरोहित वर्ग" हैं जो उन से भले हैं जिनको वे प्रचार करते हैं।

पाप के परिणाम (अध्याय 6)

पश्चाताप प्रत्यर्पण माँगता है। क्या हो यदि प्रत्यर्पण असंभव हो, जैसे कि कठोर, आलोचनात्मक शब्दों की स्थित में? उन्हें अनकहा नहीं किया जा सकता है। यदि हम झूठ बोलें या कुछ ऐसा कहें जो दूसरे को आहत करता है, तो हमें क्षमा याचना करनी चाहिए; परन्तु हमारे द्वेषपूर्ण शब्दों के दाग संभवतः बने रहेंगे। जब हम पश्चाताप करें और ऐसे पाप का अंगीकार करें तो परमेश्वर हमें क्षमा तो कर देगा; परन्तु उस पाप के दुखी करने वाले प्रभाव बने रहेंगे।

ऐसे पाप से बचने के लिए हम क्या करें? उत्तर प्रत्यक्ष है: हमें बोलने से पहले विचार कर लेना चाहिए; हमें अपनी जीभ की रक्षा करनी चाहिए। याकूब 3:6-8 नियंत्रित न हो पाने वाली जीभ को "एक आग है: अधर्म का एक लोक ... जो सारी देह पर कलंक लगाती है," "नरक कुण्ड की आग से जलती रहती है" कहा है। इसे "बला जो कभी रुकती ही नहीं," "वह प्राण नाशक विष से भरी" कहा है। हमें वह करना चाहिए जिसका परामर्श याकूब ने दिया: "... सुनने के लिये तत्पर और बोलने में धीर और क्रोध में धीमा हो" (याकूब 1:19)।

समाप्ति नोट्स

[1]अंग्रेजी बाइबल में लैव्यव्यवस्था 6:1 इब्रानी बाइबल, मेसोरेटीक टेक्स्ट (MT) में 5:20 है। [2]आर. लैयर्ड हैरीस ने टिप्पणी की, "[पुराने नियम] की व्यवस्था खोई हुई वस्तुओं रखवाला नहीं था बल्कि खोई वस्तुओं को उसके स्वामी को लौटाना अवश्य था (निर्गमन 22:9; 23:4; व्यव. 22:1-3)। यहाँ दोहरा पाप का वर्णन पाया जाता हैः खोई हुई वस्तु को वापस लौटाने की असफलता और इस संबंध में झूठ बोलना" (आर. लैयर्ड हैरीस, "लैव्यव्यवस्था," *दि एक्सपोजीटर्स बाइबल कमेंट्री,* खण्ड 2, *उत्पत्ति - गिनती,* संपादक फ्रैंक ई. गैबलीन [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जॉडरवैन पब्लिशिंग हाऊस, 1990], 552)। [3]जॉन एच. हेस, "लैव्यव्यवस्था," इन *हार्पर्स बाइबल कॉमेंटरी,* एड. जेम्स एल. मेयज (सैन फ्रांसिस्को: हार्पर एण्ड रो, 1988), 162. [4]रिचर्ड ई. एवर्बेक्क ने टिप्पणी किया कि "कुछ विद्वानों ने तर्क किया कि दोषबलि दूसरे की सम्पत्ति हड़पने के बदले इसलिए लाया जाता था क्योंकि इस मामले में परमेश्वर के नाम के विरुद्ध झूठी शपथ खाने का अपराध जुड़ा हुआ था।" एवर्बेक्क स्वयं 6:3 का उल्लेख करते हुए इस स्थिति से असहमति जताते हैं कि "दोषबलि द्वारा लाए गए पश्चाताप और क्षमा दान 'ऐसी कोई भी बात क्यों न हो जिसे करके मनुष्य पापी ठहरते हैं,' ठीक कर लिया जाता है," केवल झूठी शपथ खाकर परमेश्वर के नाम के विरुद्ध अपराध ही इसमें सम्मिलित नहीं है। (रिचर्ड ई. एवर्बेक्क, "सैक्रीफाइसेस एण्ड आफरिंग," *डिक्शनरी आफ दि ओल्ड टेस्टामेंटः पेंटाट्यूक,* सम्पादक टी. डेसमंड एलेक्जेंडर एण्ड डेविड डब्ल्यु. बेकर [डॉनर्स ग्रूव, इलनॉइसः इंटरवार्सिटी प्रेस, 2003], 721.) [5]यह तर्क संगत था कि किसी के दोष का दण्ड भरने लिए एक मेढ़े की आवश्यकता थी। एस. एच. केलोग ने टिप्पणी किया, "न केवल इब्रानियों के बीच बल्कि अरबी, रोमी एवं अन्य प्राचीन लोगों में भेड़, विशेषकर मेढ़ा, क़र्ज़ चुकाने का प्रचलित माध्यम था और यह विशेषकर कर चुकाने के लिए प्रयोग किया जाता था।" उन्होंने 2 राजा 3:4 और यशायाह 16:1 का शीर्षक प्रस्तुत किया है। (एस. एच. केलोग, *द बुक आफ लैव्यव्यवस्था,* तीसरा संस्करण [एनपी.: ए. सी. आर्मस्ट्रांग एण्ड सन, 1899; पुनर्मुद्रित, मिनियापोलीसः क्लॉक एण्ड क्लॉक क्रिश्चियन पब्लिशर्स, 1978], 161-62.) [6]दूसरे अनुवाद इस आयत के प्रथम भाग को अलग-अलग तरीके से अनुवाद करते हैंः "... क्योंकि उसने पाप किया है और दोषी ठहरा है" (NKJV); "जब कोई पाप करता है और दोषी ठहरता है" (RSV); "यदि वह पाप करता है और इसका उत्तरदायी ठहरता है"

(NJB)। [7]अंग्रेज़ी बाइबलों की लैव्यव्यवस्था 6:8 इब्रानी बाइबलों में 6:1 है। [8]जो सूत्र 6:8 में दिया है वही फिर से 6:19 में भी मिलता है, जिससे अभिप्राय निकलता है कि 6:8-18 को परमेश्वर द्वारा एक विषय पर दिए गए प्रकाशन के संदर्भ में एक इकाई माना जाना चाहिए। [9]"राख" (דֶּשֶׁן, *देशेन)* के लिए इब्रानी शब्द का शब्दार्थ होता है "चर्बी की राख।" [10]आर. के. हैरिसन, *लैव्यव्यवस्था*, द टिन्डेल ओल्ड टेस्टामेंट कॉमेंट्रीस (डाउनर्स ग्रोव, इल्लिनोय: इन्टर-वर्सिटी प्रैस, 1980), 74.

[11]व्यवस्था विशिष्ट निर्देश देती है कि "हारून और उसके पुत्र" शेष अन्नबलि को खाने के लिए योग्य थे (6:18)। [12]यद्यपि अन्नबलि अपने आप में लहू का बलिदान नहीं थी, परन्तु वह लहू के बलिदानों से निकटता से संबंधित थी। क्योंकि उसे उसी अग्नि में जलाया जाता था जिसमें पशुओं के मांस और लहू भस्म होते थे (और साथ ही वह बहुधा पशु बलियों के साथ ही चढ़ाई जाती थी), इसलिए उसे वेदी पर चढ़ाए गए पशुओं से भिन्न करना लगभग असंभव था। [13]बारूक ए. लेवाईन, *लैव्यव्यवस्था*, द जेपीएस टोरह कॉमेन्ट्री (फिलेडेल्फिया: ज्यूइश पब्लिकेशन सोसाईटी, 1989), 38. [14]क्लाइड एम. वुड्स एण्ड जस्टिन एम. रॉजर्स, *लैव्यव्यवस्था - गिनती*, द कॉलेज प्रैस एनआईवी कॉमेन्ट्री (जोपलिन, मो.: कॉलेज प्रैस पबलिशिंग को., 2006), 66. [15]सी. एफ. कीएल एण्ड एफ. डेलिटश, *द पेंटाट्यूक*, वोल. 2, ट्रान्स. जेम्स मार्टिन, बिबलिकल कॉमेन्ट्री ऑन द ओल्ड टेस्टामेंट (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1959), 320; देखिए सिराक 45:14 (NAB); जोसेफस *एंटीक्विटीस* 3.10.7. [16]लेवाईन , 40.